**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2192**
**दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**तमिलनाडु के लिए एनएचएम के अंतर्गत केंद्रीय सहायता**

**†2192. श्री अरुण नेहरूः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु सरकार को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत प्रदान की गई केंद्रीय सहायता की कुल धनराशि कितनी है;

(ख) मदुरै में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) परियोजना की स्थिति क्या है और इसकी वर्तमान निर्माण प्रगति कितनी है, इसमें निधि का उपयोग क्या है तथा इसके पूरा होने की अपेक्षित तिथि क्या है; और

(ग) तमिलनाडु के पेरम्बलुर लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वर्ष 2021 से अब तक केंद्र सरकार की किसी योजना के अंतर्गत उन्नयन हेतु कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को निधि प्राप्त हुई है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): सभी को समान, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) का कार्यान्वयन कर रहा है। सरकार स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों के लिए पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराने और विशेषकर अल्पसेवित एवं हाशिए पर रहने वाले समूहों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं की उपलब्धता और पहुँच में सुधार हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2024-25 तक तमिलनाडु राज्य को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत केंद्र द्वारा जारी की गई धनराशि का विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रुपये में)

| **वित्त वर्ष** | **केंद्र द्वारा जारी धनराशि** |
|---|---|
| 2022-23 | 1,652.24 |
| 2023-24 | 1,996.06 |
| 2024-25 | 1,742.67 |

नोट: उपरोक्त जारी राशि केंद्र सरकार द्वारा दिए गए अनुदानों से संबंधित हैं और इनमें राज्य सरकार का अंशदान शामिल नहीं है।

तमिलनाडु राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, पेरम्बलुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2021 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन निम्न प्रकार से किया गया है:

(लाख रुपये में)

| **मौजूदा सेवाओं के उन्नयन के लिए उपलब्ध कराए गए भवन** | **सुविधा केन्द्रों की संख्या** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए अतिरिक्त भवन | 2 | 135 |
| ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र | 13 | 680 |
| ग्रामीण पी.एच.सी | 6 | 680 |
| स्टाफ नर्स क्वार्टर | 1 | 25 |
| शहरी पी.एच.सी | 2 | 185 |
| **कुल योग** | **24** | **1,705** |

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत अवसंरचना संसाधनों का विवरण वित्त वर्ष 2022-23 के लिए हेल्थ डायनामिक्स ऑफ इंडिया (अवसंरचना एवं मानव संसाधन) रिपोर्ट से प्राप्त किया जा सकता है, जिसका लिंक नीचे दिया गया है:

https://mohfw.gov.in/sites/default/files/Health%20Dynamics%20of%20India%20%28Infrastructure%20%26%20Human%20Resources%29%202022-23_RE%20%281%29.pdf

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मदुरै को प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत 2,021.51 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है। जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी के साथ ऋण समझौते के अनुसार, परियोजना के अक्टूबर 2026 तक पूरा होने का लक्ष्य है। 30.11.2025 तक, एम्स मदुरै परियोजना की वास्तविक प्रगति 42% है और इस परियोजना के लिए कुल 421.02 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

*****